>

Title: Need to interconnect Ben-Ketwa river in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): महोदय, मध्य प्रदेश का बुंदेलखण्ड मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है।...(व्यवधान) यहां के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने की दृष्टि से एनडीए की सरकार के समय में सम्माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदियों को आपस में जोड़ने की योजना के अंतर्गत केन-बेतवा नदी को जोड़ने का काम प्राथमिकता के आधार पर लिया था। ...(व्यवधान) इसका डीपीआर भी तैयार हो चुका, मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से जितनी औपचारिकताएं पूरी की जानी चाहिए थीं, वह सारी औपचारिकताएं पूरी करके केन्द्र सरकार को भेज दी गई हैं, लेकिन अभी तक केन-बेतवा नदी को आपस में जोड़ने का काम केन्द्र सरकार द्वारा नहीं किए जाने से वहां का किसान सिंचाई की दृष्टि से परेशान हो रहा है। ...(व्यवधान) वहां के मजदूर को रोज़गार के लिए पलायन करके बाहर जाना पड़ता है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि केन्द्र सरकार केन-बेतवा नदियों को आपस में जोड़ने के काम को प्राथमिकता के आधार पर हाथ में लेकर पूरा कराए ताकि बुंदेलखंड का टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना जिला आर्थिक दृष्टि से समृद्ध हो सके, यहां का किसान समृद्ध हो सके। ...(व्यवधान)